बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-354
18/08/2022

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के भूमिगत कार्य का किया शुभारंभ

पटना, 18 अगस्त 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मोईनुलहक स्टेडियम में पटना मेट्रो रेल परियोजना के भूमिगत कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया। आज हुए इस कार्य के शुभारंभ के अवसर पर जमीन में 82 फीट गहरे गढ्ढे में 82 फीट गहरे डि–वॉल के केज को जमीन के भीतर डाला गया तथा 1989 करोड़ रूपए की लागत वाली इस भूमिगत योजना के कार्य की शुरूआत की गई।

मुख्यमंत्री को नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर एवं दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के निदेशक श्री दलजीत सिंह ने पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य, एलायनमेंट, इसके प्रारूप, योजना के अवयव एवं कार्य प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्तर्गत 6 भूमिगत मेट्रो स्टेशन– राजेन्द्र नगर मेट्रो स्टेशन, मोईनुलहक मेट्रो स्टेशन, यूनिवर्सिटी मेट्रो स्टेशन, पी0एम0सी0एच0 मेट्रो स्टेशन, गांधी मैदान मेट्रो स्टेशन एवं आकाशवाणी मेट्रो स्टेशन है, इस कोरिडोर की कुल लंबाई 8.08 कि०मी० है।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा पटना मेट्रो के एलिवेटेड (भूमि के ऊपर) भाग के कार्य का शुभारंभ प्रायरिटी कॉरिडोर के रूप में किया गया था, जिस पर कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। इस अवसर पर पटना मेट्रो रेल परियोजना की ओर से मुख्यमंत्री को कार्य योजना के संबंध में एक वीडियो फिल्म भी दिखायी गयी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लक्षित समय में कार्य को तेजी से पूर्ण करें। जहां कहीं भी भूमि अधिग्रहण बचा हुआ है, उस कार्य को भी जल्द पूर्ण करें। राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। राशि की भी किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जायेगी। पटना मेट्रो का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी ताकि आम लोगों को इसका लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने मोईनुलहक स्टेडियम के परिसर में अशोक वृक्ष का रोपण भी किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेलवे का अंडरग्राउंड वर्क शुरू हो गया है। इसके ओवरग्राउंड वर्क को भी कई बार आकर हमने देखा है और अधिकारियों को इसके संबंध में सारी जरूरी बातें बता दी गयी हैं। पटना मेट्रो रेलवे का काम चल रहा है, हमलोगों का लक्ष्य है यह काम तेजी से पूर्ण हो।

******